समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# रणवीर सिंह के जन्मदिन पर आदित्य धर का बड़ा सरप्राइज, 'धुरंधर' का फर्स्ट लुक खुद उनसे भी रखा गया छुपा।

Publisher

Published on 05 Jul 2025



## आदित्य धर का रणवीर सिंह को अनोखा बर्थडे गिफ्ट, धुरंधर का फर्स्ट लुक खुद उनसे भी छुपाया गया।

**बॉलीवुड के एनर्जी किंग रणवीर सिंह** का जन्मदिन इस बार बेहद खास होने वाला है। वजह है उनकी आगामी फिल्म '**धुरंधर**', जिसका फर्स्ट लुक उनके लिए ही सरप्राइज रखा गया है। इस सरप्राइज की पूरी योजना बनाई है फिल्म के निर्देशक **आदित्य धर** ने, जो रणवीर को इस जन्मदिन पर एक ऐसा तोहफा देना चाहते हैं, जिसे वे कभी भूल न पाएं।

### आदित्य धर का मास्टर प्लान

सूत्रों के मुताबिक, **आदित्य धर** कई हफ्तों से इस सरप्राइज की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने '**धुरंधर**' फिल्म के फर्स्ट लुक को इतनी कड़ाई से गोपनीय रखा कि खुद फिल्म के लीड एक्टर **रणवीर सिंह** को भी इसकी पूरी जानकारी नहीं दी गई।

हालांकि, फिल्म के शुरुआती रशेज रणवीर पहले ही देख चुके थे, लेकिन **आदित्य धर** ने **फाइनल फर्स्ट लुक** यूनिट को पूरी तरह से सीक्रेट बनाए रखा। यही यूनिट रणवीर सिंह के जन्मदिन पर रिलीज होने वाली है, जिसे देखकर खुद रणवीर भी दंग रह जाएंगे।

### रणवीर को लग गया था भनक

इतनी सख्ती के बावजूद आखिरकार यह खबर रणवीर सिंह तक पहुंच ही गई। उन्होंने आदित्य धर से सीधे पूछ लिया कि क्या सच में उनके जन्मदिन पर कोई बड़ा सरप्राइज प्लान किया जा रहा है?

**आदित्य धर** ने पहले तो इस सवाल को टालने की कोशिश की, लेकिन जब रणवीर ने बार-बार इस बारे में पूछा, तो आखिरकार

आदित्य ने सच बता ही दिया। हालांकि, उन्होंने रणवीर से वादा लिया कि वे धैर्य रखें और **ऑफिशियल फर्स्ट लुक लॉन्च** का इंतजार करें।

### लंबी बातचीत मे बंनी खास केमिस्ट्री

फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि **आदित्य** और **रणवीर** के बीच इस प्रोजेक्ट को लेकर कई बार लंबी बातचीत हुई है। **रणवीर सिंह** ने धुरंधर के हर छोटे-बड़े हिस्से को लेकर आदित्य से कई सवाल पूछे, जिनका जवाब आदित्य ने बेहद धैर्य के साथ दिया।

रणवीर को अंदाजा है कि कुछ बेहद खास आने वाला है, लेकिन उन्होंने अभी तक फाइनल कट नहीं देखा है। सूत्रों के मुताबिक, यह फर्स्ट लुक उनके करियर का सबसे बड़ा सरप्राइज हो सकता है।

### फिल्म के बारे मे क्या है खास ?

**धुरंधर** एक मेगा बजट फिल्म है, जिसे **आदित्य धर** निर्देशित कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने '**उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक**' जैसी सुपरहिट फिल्म दी थी। धुरंधर को लेकर पहले दिन से ही दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। फिल्म का फर्स्ट लुक ही इतना धमाकेदार बताया जा रहा है कि यह रणवीर सिंह के जन्मदिन को यादगार बना देगा।

### रणवीर सिंह के लिए यादगार जन्मदिन

**आदित्य धर** ने यह सुनिश्चित किया है कि रणवीर सिंह का यह जन्मदिन सिर्फ व्यक्तिगत ही नहीं, बल्कि पेशेवर रूप से भी बेहद खास बन जाए। धुरंधर का फर्स्ट लुक लॉन्च रणवीर के फैन्स के लिए भी एक बड़ा तोहफा होगा, जो लंबे समय से इस फिल्म की पहली झलक का इंतजार कर रहे हैं।

### अब बस इंतजार है उस पल का

अब सबकी निगाहें उस पल पर टिकी हैं, जब रणवीर सिंह खुद धुरंधर का फर्स्ट लुक पहली बार देखेंगे और उनका रिएक्शन सामने आएगा। क्या यह रणवीर के करियर का सबसे बड़ा फर्स्ट लुक होगा ? इसका जवाब आने वाले कुछ घंटों में मिल जाएगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.